प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 06.05.2025 समय : 01:00 पी.एम.

..................

केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन देशभर में कल होने वाले नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल पर राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ बैठक कर रहे हैं। नागरिक सुरक्षा महानिदेशक, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी राष्ट्रीय राजधानी के गृह मंत्रालय कार्यालय में चल रही बैठक में शामिल हैं। केन्द्र ने नागरिक सुरक्षा संबंधी तैयारियों का मूल्याकन करने के लिए मॉक ड्रिल के वास्ते राज्य और केन्द्र शासित प्रदेशों को कहा है। गृह मंत्रालय ने देश के 244 वर्गीकृत नागरिक सुरक्षा जिलों में नागरिक सुरक्षा अभ्यास और पूर्वाभ्यास आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह अभ्यास ग्रामीण स्तर तक किये जाने की योजना है।

..................

राज्य सरकार ने मेडिकल कॉलेजों से जुडे अस्पतालों में रोगियों की सुरक्षा और भवनों के रखरखाव के लिए नई मानक संचालन प्रक्रिया–एसओपी जारी की है। चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार ने बताया कि नई एसओपी के तहत हर अस्पताल में सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से एक चौकी बनाई जाएगी। इन चौकियों पर 24 घंटे प्लम्बर और इलेक्ट्रीशियन उपलब्ध होंगे। साथ ही दिन के समय मे कारपेंटर और वेल्डर भी मौजूद रहेंगे। सभी अस्पतालों में रखरखाव और शिकायतों के लिए एक हेल्पलाइन होगी, जो 24 घंटे संचालित होगी। उन्होंने बताया कि नई एसओपी के अनुसार अस्पताल भवन की निर्माण लागत की 2 प्रतिशत राशि वार्षिक रख–रखाव निधि के रूप में पीडब्ल्यूडी को दी जाएगी। इस राशि का भुगतान राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसाइटी के माध्यम से होगा। श्री कुमार ने कहा कि रखरखाव में किसी भी लापरवाही पर अस्पताल अधीक्षक, वरिष्ठ लेखा अधिकारी और पीडब्ल्यूडी के संबंधित अभियंताओं के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

..................

राज्य सरकार महिला औरं बाल विकास विभाग की प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग के पीसीटीएस पोर्टल के एकीकरण की योजना पर काम कर रही है। पोर्टल के एकीकरण का उद्देश्य प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभार्थियों के आवेदन में सूचनाएँ पोर्टल से ही उपलब्ध कराना और उन्हें स्वतः सत्यापित कराना है। इससे सत्यापन पर लगने वाले समय में कमी आयेगी और पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ सुगमता से लाभ मिल सकेगा। इस संबंध में कल जयपुर में महिला और बाल विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव डॉ. प्रीतम बी यशवंत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान अधिकारियों को इस योजना से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

..................

राजस्थान पुलिस की साइबर शाखा ने एडवाइजरी जारी कर लोगों को साइबर ठगों से सतर्क रहने की अपील की है। साइबर अपराध शाखा के पुलिस महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि इन दिनों साइबर ठग अब व्हाट्सएप प्रोफाइल पर किसी प्रतिष्ठित कंपनी या फर्म के वरिष्ठ अधिकारी की तस्वीर लगाकर उनके अधीनस्थ कर्मचारियों को धोखा देने की नई तरकीब अपना रहे हैं। साईबर अपराधी खुद को मीटिंग में व्यस्त बताकर, तत्काल पैसे ट्रांसफर करने या संवेदनशील जानकारी साझा करने का अनुरोध करते हैं। ऐसे में सामने वाले को सोचने समझने का मौका नही मिल पाता और वे साइबर ठगी का शिकार हो जाते है। श्री प्रियदर्शी ने आमजन को सलाह दी कि अनजान

नंबर से आए मैसेज या कॉल पर भरोसा न करें, और किसी भी निर्देश को मानने से पहले आधिकारिक चैनल से सत्यापन अवश्य करें।

..................

प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में अगले दो–तीन दिन कुछ स्थानों पर आंधी और बारिश, वहीं कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान उदयपुर और कोटा संभाग के जिलों में बारिश हो सकती है। इस बीच आज जोधपुर, बीकानेर, जयपुर, भरतपुर, अजमेर संभाग में भी कहीं–कहीं हल्की और मध्यम बारिश तथा मेघगर्जन के आसार है। विभाग के अनुसार आंधी–बारिश की गतिविधियों में 12–13 मई से कमी होने तथा तापमान में 3 से 5 डिग्री बढ़ोतरी होने की संभावना है। आंधी और बारिश से प्रदेश के अधिकांश भागों में दिन के सामान्य तापमान में 5 से 15 डिग्री सैल्सियस की गिरावट दर्ज की जा रही है। बीते 24 घंटों में 36 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस तापमान के साथ चूरू सबसे गर्म स्थान रहा। कल राज्य में विभिन्न स्थानों पर बारिश हुई। सबसे ज्यादा में 56 मिलीमीटर बरसात उदयपुर के वल्लभनगर में रिकॉर्ड की गई।

..................